Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 7:07 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:13 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 17 अंक 17 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. सोमवार, 30 जून 2025

महेंद्र भट्ट का दोबारा प्रदेश...पेज-2 पर














# महेंद्र भट्ट का प्रदेश अध्यक्ष बनना तय

देहरादून

हमारे संवाददाता



भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय परिषद सदस्य पद के लिए चुनाव अधिसूचना के साथ मतदाता सूची जारी कर दी है। महेंद्र भट्ट का दोबारा प्रदेश अध्यक्ष बनना तय है। केवल भट्ट का ही नामांकन हुआ है। इस दौरान सीएम धामी, केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा, पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत , सांसद अजय भट्ट समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

कल एक जुलाई को प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा कर दी जाएगी। रविवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में चुनाव अधिकारी खजान दास ने राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण के निर्देशानुसार चुनाव अधिसूचना जारी की। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के चुनाव में कुल 125 मतदाता मतदान के लिए अधिकृत हैं। आज 12 बजे तक नामांकन किया जाएगा। उसी दिन 12 से 2 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। इसके बाद तीन से चार बजे तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। प्रदेश चुनाव अधिकारी ने बताया कि पार्टी संविधान के तहत प्रदेश परिषद व राष्ट्रीय कार्यकारिणी की ओर से निर्धारित नियमों के अनुसार चुनाव कराए जाएंगे।

प्रदेश अध्यक्ष के लिए जो भी कार्यकर्ता नामांकन करना चाहते हैं वह फार्म (च) भरेंगे। प्रदेश अध्यक्ष के लिए वही कार्यकर्ता नामांकन कर सकेंगे, जो तीन साल तक पार्टी का सक्रिय सदस्य और 10 वर्ष तक प्राथमिक सदस्य रहा हो।

प्रदेश निर्वाचक मंडल के कोई भी 10 सदस्य प्रदेश अध्यक्ष पद के चुनाव की अर्हता रखने वाले कार्यकर्ता के नाम का संयुक्त रूप से प्रस्ताव कर करेंगे।

लेकिन यह प्रस्ताव कम से कम एक तिहाई निर्वाचित जिलों से आना चाहिए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का चुनाव पार्टी के संविधान की उपधारा (2) के अनुसार प्रदेश परिषद की ओर से किया जाएगा। प्रदेश परिषद के सदस्य अपने प्रदेश से राष्ट्रीय परिषद के लिए उतनी संख्या में सदस्य निर्वाचित करेंगे, जितनी उस राज्य में लोकसभा हैं, बशर्ते कि सदस्यों में अनुसूचित जाति, जनजाति के सदस्य उस राज्य से इन वर्गों के लिए आरक्षित सीटों संख्या से कम न हो। प्रदेश के दो-दो लोकसभा क्षेत्रों को मिलाकर भागों में बांटा जाएगा। प्रत्येक भाग से कम से कम एक प्रतिनिधि अवश्य चुना जाएगा।



## बारिश के चलते गौला पुल के ऊपर फिर खतरा मंडरा रहा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

मूसलधार बारिश के चलते गौला पुल के ऊपर फिर खतरा मंडरा रहा है। ये देख प्रशासनिक अधिकारियों का अमला पुल का निरीक्षण करने मौके पर जा पहुंचा। रेलवे क्रासिंग के पास गौलापुल को जोड़ने वाली एप्रोच रोड में भारी वर्षा के चलते भू-कटाव तेज हो गया है। इससे एप्रोच रोड के लिए खतरा पैदा हो गया है। स्थिति को देखते हुए एसडीएम राहुल शाह ने गौलापुल का निरीक्षण किया। उन्होंने लोनिवि व एनएचएआई अधिकारियों को जल्द निर्माण शुरू करने के निर्देश दिए। गौलापुल की एप्रोच रोड पिछले दो साल से बारिश के चलते क्षतिग्रस्त हो रही है। इस वर्ष भी इसे बचाने के लिए आपदा मद से बजट जारी किया गया, बावजूद इसके कार्य समय पर शुरू नहीं हो पाया। शनिवार और रविवार की बारिश में फिर भू-कटाव शुरू हो गया। तिरपाल लगाकर अस्थायी समाधान किया गया, लेकिन इससे भू-कटाव नहीं रुक सका। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि जल्द गौला नदी को चैनलाइज कर एप्रोच रोड बचाने का कार्य शुरू होगा। साथ ही नदियों के किनारे रह रहे लोगों से घर छोड़ने की अपील की गई है। निगम व प्रशासन की टीम मुनादी करा रही है। देवखड़ी नाला, कलसिया, रकसिया क्षेत्रों में रह रहे लोगों पर नजर रखी जा रही है। सीओ नितिन लोहनी ने भी संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। पुलिस प्रशासन को अलर्ट रखा गया है। अगर प्रशासनिक अधिकारियों यही हाल रहा तो पुल का निर्माण आने वाले वर्षों में भी नहीं हो पाएगा।

## दानवीर भामाशाह के जयंती को व्यापारी प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

अखिल एकता उद्योग व्यापार मण्डल ने दानवीर भामाशाह के जयंती को व्यापारी प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया। अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल उत्तराखंड प्रदेश के द्वारा आज दानवीर भामाशाह की जन्म जयंती को बड़े धूमधाम के साथ मनाया जिसमें प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार गुप्ता व प्रदेश संरक्षण जीवन सिंह कार्की ने दानवीर भामाशाह को पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार गुप्ता ने भामाशाह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज आधुनिक व्यापार पद्धति में देश के सभी उद्योग व्यापारियों को भामाशाह के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। राष्ट्र के आर्थिक संकट के समय, व्यापारी निवेश करने से हिचकिचाते हैं, जिससे आर्थिक गतिविधियां धीमी हो जाती हैं। व्यापारियों को संकट के समय भी निवेश जारी रखना चाहिए, खासकर उन क्षेत्रों में जो विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। आर्थिक संकट के समय, राष्ट्र के विकास में व्यापारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। व्यापारियों को सामाजिक जिम्मेदारी की भावना से काम करना चाहिए। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके व्यवसाय समाज के लिए हानिकारक नहीं हैं, और उन्हें सामाजिक कल्याण के लिए भी काम करना चाहिए। आर्थिक संकट के समय, व्यापारियों को नए विचारों और नवाचारों को अपनाने के लिए तैयार रहना चाहिए। प्रदेश संगठन महासचिव व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीप्ति चुफाल द्वारा भामाशाह के जीवन पर प्रकाश डाला गौरव-पुरुष भामाशाह बाल्यकाल से मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप के मित्र, सहयोगी और विश्वासपात्र सलाहकार थे। अपरिग्रह को जीवन का मूलमन्त्र मानकर संग्रहण की प्रवृत्ति से दूर रहने की चेतना जगाने में आप सदैव अग्रणी रहे। मातृ-भूमि के प्रति अगाध प्रेम था और दान वीरता के लिए भामाशाह नाम इतिहास में अमर है। भामाशाह एक दानवीर होने के कारण इतिहास में भी अमर हो गये है। वर्तमानकालीन सरकारी योजनाओं में चल रहे भामाशाह कार्ड सरकार ने इस महान दानवीर की याद हेतु नामकरण किया गया है। कार्यक्रम में सम्मिलित सदस्य जीवन सिंह कार्की ,अतुल कुमार गुप्ता ,दीप्ति चुफाल ,भूपेश बिष्ट, विजय नारायण त्रिपाठी, मोहम्मद जिलानी,दिनेश सिंह राणा,हितेश मटियानी,सुमित साहू, सुशील साहू ,हिसार खान आदि उपस्थित है।

## NEWS / फटाफट

### 17.90 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार

**रुद्रपुर।** जनपद में नशे के विरूद्ध चलाये गये अभियान में किच्छा पुलिस ने एक नशा तस्कर को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। स्मैक की तस्करी में प्रयुक्त बाईक सीज की गई है। स्मैक तस्कर को कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक किच्छा कोतवाली की चौकी लालपुर पुलिस प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में चैकिंग कर रही इसी बीच महाराजपुर की तरफ से शमशान घाट के पास पुल के पास एक बाईक सवार पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक उसके पास से स्मैक बरामद हुई। बरामद स्मैक 17.90 ग्राम मिली। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम मोहम्मद शोयब निवासी वार्ड नंबर 18 सिरौली कला थाना पूलबट्टा बताया। उसके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। बाईक सीज कर दी। इसके बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार कोतवाली किच्छा, चौकी प्रभारी लालपुर बसंत प्रसाद हेड कांस्टेबल 240 राकेश भट्ट,हरेंद्र धामी, विजय रावत आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

### उत्तराखंड सरकार में बुनकर बोर्ड का हो गठनः वीरेन्द्र कश्यप




**रुद्रपुर।** नगर निगम सभागार में अखिल भारतीय कोली समाज की उत्तराखंड प्रदेश की प्रदेश कार्यकारणी बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कश्यप अध्यक्षता में आयोजित हुई । बैठक में हाथरस के पूर्व विधायक व उत्तराखंड प्रभारी कोली समाज हरिशंकर माहौर, पौड़ी के पूर्व विधायक व राष्ट्रीय सचिव मुकेश कोली, प्रदेश अध्यक्ष चंद्रसेन कोली ने संबोधित किया। बैठक में प्रदेश की प्रगति रिपोर्ट के साथ साथ ही प्रदेश कोली समाज को एक जुट करने रहने की अपील की गई। अगर समाज मजबूत होगा तो राजनेतिक पार्टियां भी हमारे समाज को प्रतिनिधित्व भी देंगी। हम जनप्रतिनिधि बनकर भी समाज की सेवा कर सकते है। उन्होंने उत्तराखंड सरकार से रूद्रपुर ऊधम सिंह नगर में विशाल कोली भवन के लिए भूमि आवंटित कर कोली भवन बनाने के लिए उत्तराखंड सरकार से बात करने की भी बात कही। उत्तराखंड सरकार में बुनकर बोर्ड का गठन होना चाहिए। ताकि कोली समाज के लोगों को इसका लाभ मिल सके। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशन कोली, नाथू लाल कोली,बीरबल सिंह मंडागी, डॉ हरिओम कोली,मुकेश कोली, राम अवतार कोली,कमल कोली, वासुदेव कोली,धर्मेंद,पौड़ी से दिनेश कोली, टिहरी से विजय कोहली,चंपावत रमेश कोहली, नैनीताल हरिओम कोली,महेश कोली, पप्पू कोली आदि मौजूद रहे।

### नव नियुक्तत उपाध्यक्ष विमल चौधरी का स्वागत



**नैनीताल।** साह-चौधरी समाज नैनीताल ने रविवार को नैनीताल निवासी उत्तराखंड ओलंपिक संघ के नव नियुक्तत उपाध्यक्ष विमल चौधरी का स्वागत किया। इस दौरान समाज की और से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। स्वागत करने वालों में साह-चौधरी समाज नैनीताल के सचिव सुरेश चौधरी,संगठन मंत्री मयंक साह, उपसचिव मोहित साह समेत हितेश साह, हर्षित साह व मोहित लाल साह शामिल रहे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## लॉजिस्टिक्स कंपनी से लाखों रूपये का गबन कर दो डिलीवरी ब्वाय लापता, मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

किच्छा बाईपास रोड़ स्थित एक लॉजिस्टिक्स कंपनी से लाखों रूपये का गबन कर दो डिलीवरी ब्वाय लापता हो गये। कंपनी के प्रतिनिधि ने पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर दोनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

इस्टाकार्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि विनोद सिंघ सिरोही ने मोहम्मद अमन पुत्र पुत्र मौ रफी निवासी सेक खान सराई संभल और मोहम्मद अरबाज पुत्र मौहम्मद अतीक निवासी सैफ खान सराइ संभल यूपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा कि कंपनी लॉजिस्टिक्स का काम व उससे संबंधित जैसे की ट्रांसपोर्ट डिलीवरी आदि सेवाओं का व्यवसाय करती है। उक्त दोनों कंपनी की इंडस्ट्रियल इस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर शाखा पर काम करते थे। आरोप है कि मोहम्मद अमन और मोहम्मद अरबाज ने कंपनी का 8,15,884/- रुपये का सामान के साथ हेरा-फेरी की है। मोहम्मद अमन और मोहम्मद अरबाज एक वेन्डोर कंमनी के माध्यम से कंपनी के लिए काम करने इंडस्ट्रियल इस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, शाखा ऑनबोर्ड हुए। वेन्डोर कंपनी ने मोहम्मद अमन और मोहम्मद अरबाज के पहचान के कागजातों को देख-परख कर इस कंपनी में डेलीवेरी बॉय की नौकरी के लिए ऑनबोर्ड किया था। 7 फरवरी 2025 को कंटेंट वेरिफिकेशन किया गया, जिसमें यह धोखाधड़ी सामने आई। जांच के दौरान पाया गया कि उन्हें या तो नकली अन्य वस्तुओं (जैसे डिटर्जेंट साबुन) से बदल दिया गया था या कुछ मामलों में वे पूरी तरह खाली थे। जांच के दौरान यह पाया गया कि आरोपियों ने विभिन्न मोबाइल नंबरों का उपयोग कर प्लेटफॉर्म पर ग्राहक खाते बनाए गए और इनका उपयोग बड़ी संख्या में ऑर्डर करने के लिए किया गया। 7 फरवरी 25, से मोहम्मद अमन और मोहम्मद अरबाज नौकरी पर नहीं आ रहे हैं। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## देवखड़ी नाले में अचानक चलते पानी आने की सूचना

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

देवखड़ी नाले में अचानक भारी बारिश के चलते अधिक पानी आने की सूचना जिला प्रशासन को मिली सूचना पाकर आनन फानन में जिलाधिकारी वंदना सिंह ने आपदा प्रबंधन को निर्देशित किया। यह निर्देश आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से से किया गया।

सोमवार सुबह तहसील अंतर्गत देवखड़ी नाले में बाढ़ जैसी स्थिति की मॉक ड्रिल आयोजित की गई। मॉक ड्रिल के तहत प्रातः 9:15 बजे सूचना प्राप्त हुई कि मूसलधार बारिश के चलते सूखा पड़ा देवखड़ी नाला अचानक उफान पर आ गया है, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। सूचना मिलते ही जिला आपदा नियंत्रण कक्ष नैनीताल और तहसील स्तरीय आईआरएस (इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम) टीम सक्रिय हो गई। जिलाधिकारी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की अध्यक्ष



वंदना ने आपदा परिचालन केंद्र से स्थिति की निगरानी करते हुए राहत व बचाव कार्यों को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। तहसील कार्यालय में स्टेजिंग एरिया तैयार कर विभिन्न विभागों की टीमों को घटनास्थल की ओर रवाना किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान 6 'घायलों' को नाले क्षेत्र से सुरक्षित निकाला गया, जिनमें से 4 को मौके पर प्राथमिक उपचार दिया गया, जबकि 2 गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से सुशीला तिवारी चिकित्सालय पहुंचाया गया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से जेसीबी मशीन की मदद से मलबा हटाने का कार्य भी किया गया, जिससे रास्ते को साफ कर राहत पहुंचाई जा सके। मॉक ड्रिल में जनहानि शून्य रही।

**राहत शिविरों में की गईं व्यवस्थाएं:** प्रभावित लोगों को निकटवर्ती राहत शिविरों में शिफ्ट कर भोजन, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से संपूर्ण राहत-बचाव कार्यों की निगरानी की गई और सभी विभागों के बीच समन्वय का सफल परीक्षण किया। जिलाधिकारी वंदना ने मॉक अभ्यास के माध्यम से प्राप्त अनुभवों को आगामी संभावित आपदाओं से निपटने की रणनीति में उपयोगी बताते हुए सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदा की किसी भी वास्तविक स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और संसाधनों की तत्काल उपलब्धता जनजीवन की रक्षा के लिए अनिवार्य है।

# स्विट्जरलैंड से कम नहीं है नैनीताल



अफजल फौजी
ब्यूरो चीफ, नैनीताल

मौसम कई आते हैं और गुजर जाते हैं, पर मानसून है, जो मन को भाता है और प्रकृति की छटा हरियाली से भरकर मन को प्रफुल्लित कर जाता जाता है। अब मानसून आ चुका है, पेड़–पौंधे मानो मुस्कुराने लगे हैं और ऐसे में नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता का रंग निखरना शुरू हो गया है। पर्वतों में हरियाली का श्रंगार भरने लगा है। शीत मंद हवाएं वृक्षों को झूमने के लिए मजबूर करती प्रतीत हो रही हैं। यह अनोखा समा प्रकृति प्रेमियों के लिए कुदरत का अनुपम उपहार है, जिस हर किसीको बेसब्री से इंतजार रहता है और सैलानियों को खींचे चले आता है।

नैनीताल की नैसर्गिक सुन्दरता पहचान की मोहताज नहीं, जिसके अंग्रेज भी गुलाम होकर रह गए थे। भले ही ग्रीष्म कालीन सीजन में लाखों की संख्या में सैलानी पहुंचते हों, लेकिन इस हिल स्टेशन का असल दीदार मानसून में बनता है। तीन ओर पर्वतमालाओं से घिरा यह शहर मानसून में अलग नजारा पेश करता है। बरसा की रिमझिम फुहारों के बीच इस भ्रमण अनोखा एहसास कराता है तो लंदन फॉग यानी सफेद कोहरे की चादरें नगर को कब नगर को अपने आगोश में लेले और कब किस पर्वत से लिपट जाए, पता ही नहीं चलता।

ये ऐसे सुंदर नजारें हैं, जो प्रकृति प्रेमियों के दिलों को सुकून पहुंचाते हैं। यही वजह है कि देश विदेश से हजारों सैलानी मानसून के मौसम में यहां पहुंचते हैं।

## कई तरह की सुविधाएं मिलती हैं

दरअसल ग्रीष्मकाल में सैलानी लाखों की संख्या में नगर सैर में पहुंचते हैं। जिस कारण अफरातफरी में सैलानियों की आवभगत उतनी हो नही पाती है, लेकिन मानसून के तीन महीनों में सैलानियों की भीड़ छट चुकी होती है। जिस कारण होटल कारोबारियों को सैलानियों के स्वागत के लिए खूब समय होता है। सबसे अच्छी बात यह है कि होटलों के किराए में भारी छूट मिल जाती है। इसके अलावा भी कई सुविधाएं हैं, जो मानसून में उपलब्ध हो जाती हैं। आकाशी मावड़ी प्रस्तुति









































# हर पर्यटक यादों में ले जाता है सहेज कर नैनीताल की खूबसूरती



## मानसून में निखर आती है सरोवर नगरी की प्राकृतिक सुंदरता

नैनीताल हिल स्टेशन उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में स्थित एक बहुत ही खूबसूरत हिल स्टेशन है। नैनीताल को भारत का झील जिला भी कहा जाता है। क्योंकि नैनीताल कई झीलों से घिरा हुआ है। नैनीताल हिल स्टेशन के चारों ओर बर्फ से ढकी विशाल चोटियाँ हैं,जो चारों ओर फैली हुई हैं। यह समुद्र तल से 7,000 फीट ऊपर स्थित है। आईये हम आपको इस लेख में नैनीताल में घूमने के लिए 10 सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों के बारे में बताते हैं, तथा इस आकर्षक हिल स्टेशन में करने के लिए कुछ चीजें और छुट्टियों के दौरान एक अच्छी ट्रिप के लिए नैनीताल के पास घूमने की जगहें।

नैनीताल में एक प्राकृतिक ताजा झील है। जो अर्धचंद्राकार यानी आंख के आकार की है।नैनीताल का यह झील कुमाऊं क्षेत्र की सबसे प्रसिद्ध झीलों में से एक है। नैनीताल झील पर्यटकों के मुख्य आकर्षण का केंद्र भी है। नैनीताल झील सात अलग–अलग चोटियों से घिरी एक मनमोहक जगह है। इस झील को दो अलग–अलग वर्गों में बाँटा गया है, उत्तरी भाग को मल्लीताल और दक्षिणी क्षेत्र को तल्लीताल कहा जाता है। आप यहां पर ऊंचे पहाड़ों का आनंद लेने के लिए एवं उन्हें देखने के लिये नाव की सवारी कर सकते हैं यह आपको नैनीताल झील के साथ दृ साथ उंचें दृ ऊँचे पहाड़ों से भी रूबरू करवाएगा। इसके साथ ही आप यहां पर यहां के पहाड़ों पर से सनसेट के खूबसूरत नजारों को देख सकते हैं। और अच्छी फोटोग्राफी भी कर सकते हैं। नैनीताल झील घूमने का सही समय सुबह 6रू00 बजे से शाम 6रू00 बजे तक खुली रहती है। नैनी झील नैनीताल के तल्लीताल बस स्टैंड से मात्र 1 किमी दूर है। काठगोदाम रेलवे स्टेशन से यह 25 किमी दूर है।

अगर आप नैनीताल घूमने जा रहें हैं तो आप नैनीताल में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है टिफिन– टॉप यहां पर अवश्य घूमें,टिफिन– टॉप पर्यटन स्थल नैनीताल शहर से लगभग 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह स्थान टिफिन के आकार जैसा दिखाई भी देता है।और इसे ही" डोरोथी की सीट "के नाम से भी जाना जाता है। आयरपट्टा पीक पर स्थित यह टिफिन– टॉप स्थान समुद्र तल से 2292 मीटर की उचाई पर स्थित है। खूबसूरत टिफिन टॉप चेर, ओक और देवदार से घिरा हुआ है। टिफिन टॉप हाइक सभी एडवेंचर प्रेमियों के लिए जरूरी है। इसके साथ ही आप आयरपट्टा पीक पर स्थित टिफिन– टॉप के इस जगह पर प्रकृति की इस खुबसूरती को करीब से निहार सकते हैं। इसके साथ ही आप यहां पर जमकर कुदरत के नजारों का मजा ले सकते हैं। साथ ही फॉटोग्राफी के शौकीन लोग अपने इंस्टाग्राम के लिये यहां की ऊँची– ऊँची पहाड़ियों पर अच्छी– अच्छी खुबसूरत पिक्चर क्लिक करवा सकते हैं। इसके साथ ही आप यहां पर घुड़सवारी करके यहां की वादियों में घूम सकते हैं।

—आकाशी मावड़ी प्रस्तुति

### पर्यटक की पहली पसंद बन रही है सरोवर नगरी

इस हिल स्टेशन में सैकड़ों होटल, गेस्ट हाउस और होम स्टे हैं, लेकिन चुनिंदा होटल हैं, जहा सैलानियों की ठहरने की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। शेरवानी हिलटॉप इन, नैनी रिट्रीट, विक्रम विंटेज, अलका होटल, क्लासिक दी माल, चन्नी राजा, प्रिम रोज, प्रशांत होटल, पर्यटक होटल, गौरी होटल, चिनार, एलफिंस्टन होटल, इंडिया होटल, लेक साइड इन, हैप्पी होम, पैलेस होटल, शशि इन, कपिल इन, शालीमार होटल, आरिफ कैसल्स, शिवराज होटल, बलरामपुर हाउस, वेलकम पार्क आदि होटल हैं, जो अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं।

